Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title : Regarding need to extend Gwalior-Jaipur Inter-City Express upto Ajmer in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : अध्यक्ष महोदय, अजमेर राजस्थान की हृदयस्थली है। यह नगर इतिहास, पर्यटन, शिक्षा एवं धर्म की दृटि से अत्यधिक महत्व रखता है। अपनी विशिट स्थिति के कारण यह नगर ब्रिटिशकाल में भी सीधा अंग्रेजी शासन के अधीन था और आजादी के बाद भी 1956 तक सी श्रेणी का केन्द्रशासित प्रदेश था। यहां पर सुप्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह विद्यमान है जहां देश विदेश के लाखों व्यक्ति जियारत करने आते हैं। अजमेर के पास में ही पुकर नामक सुप्रसिद्ध हिन्दुओं का तीर्थ तथा पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द है, जहां भी हर साल लाखों व्यक्ति धार्मिक पुण्य अर्जित करने हेतु आते हैं। अजमेर रेलवे एवं सी0आर0पी0एफ की दृटि से भी ि वशिट महत्व रखता है।

पहले जब मीटर गेज प्रणाली थी, तक एक गाड़ी आगरा फोर्ट से वाया जयपुर-अजमेर-अहमदाबाद चलती थी, जो अत्यधिक लोकप्रिय थी तथा रास्ते की जनता के लिए भी अत्यंत उपयोगी थी। कई सालों के अंतराल के पश्चात अब आमान परिवर्तन हुआ तो ब्रॉडगेज पर आगरा फोर्ट-जयपुर इंटर सिटी का शुभारंभ हुआ। अब जनता की अत्यधिक मांग पर अब इस गाड़ी को ग्वालियर तक बढ़ाया गया है। जिस प्रकार से जनहित को दृटिगत रखकर आगरा-जयपुर को ग्वालियर तक बढ़ाया गया है उसी प्रकार अजमेर की महत्ता को देखते हुए तथा जनता जर्नादन की भारी मांग को दृटिगत रखते हुए इस गाड़ी को अजमेर तक अवश्य बढ़ाया जाये। अजमेर तक लाने में यह गाड़ी सब प्र ाकार से लाभप्रद रहेगी।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर की महत्ता को देखते हुए ग्वालियर-जयपुर इंटरसिटी एक्सप्र ेस को अजमेर तक बढ़ाया जाये।